<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–25.02.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- **विधानसभा बजट सत्र के दौरान विपक्ष ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक पर सीबीआई जांच की मांग की, शिक्षा, बालू संकट और राज्यपाल अभिभाषण पर पक्ष और विपक्ष में हुई तीखी बहस।**
- **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप, कहा–झारखंड में हर परीक्षा का प्रश्न पत्र हो रहा लीक।**
- **राजधानी रांची में महाशिवरात्रि पर** शिव **बारात को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव, सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों की नो–एंट्री।**
- **राज्य की पुलिस ने लूट और हत्याकांड के अलग अलग मामलों का किया खुलासा, नौ लोग गिरफ्तार।**
- **प्रीमियर क्रिकेट लीग में आज गुजरात जायंट्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा।**

*******************

विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन आज राज्य में मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सीबीआई जांच की मांग की। भाजपा विधायकों ने सरकार पर माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने उत्कृष्ट विद्यालयों, कंप्यूटर शिक्षा और शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर जानकारी दी।

प्रश्नोत्तर काल में भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने झारखंड में बालू की किल्लत का मुद्दा उठाया।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि झारखंड सैंड माइनिंग पॉलिसी 2017 के तहत बालू घाटों का संचालन किया जा रहा है।

*******************

राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपनी–अपनी बातें रखीं। विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने सत्र की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

*******************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड सरकार पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। गिरिडीह में उन्होंने कहा कि राज्य में हर परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो रहा है। उन्होंने सरकार पर इसे रोकने में गंभीरता नहीं दिखाने का आरोप लगाया।

*******************

इधर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के शिष्टमंडल ने आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर जैक परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की। साथ ही जेपीएससी के अध्यक्ष की नियुक्ति और आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई की भी अपील की।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत से प्रेरित होकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रांची में नमो ई लाइब्रेरी और साइबर स्पेस कम्युनिटी सेंटर स्थापित किया जा रहा है। इसका लोकार्पण कल झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार द्वारा किया जाएगा।

*******************

राजधानी रांची में महाशिवरात्रि के अवसर पर कल शिव बारात निकाली जाएगी। जिसके कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों की नो–इंट्री रहेगी, जबकि छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। शिव बारात इंद्रपुरी रातू रोड से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए आरआर स्पोर्टिंग दुर्गा पूजा समिति प्रांगण में समाप्त होगी। पहाड़ी मंदिर में सुबह 3 बजे सरकारी पूजा के बाद 4 बजे से श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए 250 वॉलंटियर, 50 पाहन, एनसीसी और जिला प्रशासन के अधिकारी तैनात रहेंगे।

*******************

इधर दुमका जिले के बासुकिनाथ धाम में महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों के आगमन का सिलसिला शुरू हो गया है। मंदिर के पुजारी पप्पू पंडा ने बताया कि कल सुबह से श्रद्धालु बाबा बासुकिनाथ का जलाभिषेक व पूजन करेंगे और शिव बारात में शामिल होंगे। गौरतलब है कि मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं।

*******************

खूंटी जिले के सिलादोन की रहनेवाली किसान बुद्धि कुजूर खेती कर पूरे जिले में ग्रामीणों के लिए मिसाल बन गई हैं।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले में गत 16 फरवरी को एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पिस्तौल, कारतूस, स्मार्टफोन और स्कूटी बरामद हुई। डीएसपी तौकीर आलम के नेतृत्व में विशेष टीम ने कार्रवाई कर सभी आरोपियों को जेल भेजा गया।

उधर पलामू पुलिस ने मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में लूट की योजना बना रहे पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो देसी पिस्टल, एक कट्टा, चार गोलियां और एक बाइक बरामद की है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तारी के साथ ही लूट और चोरी की पांच वारदातों का भी खुलासा हुआ

*******************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पिछले वर्ष दिसंबर में 16 लाख से ज्यादा नए सदस्य जोड़े। नवंबर 2024 में जोड़े गए सदस्यों की तुलना में इसमें नौ दशमलव छह–नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्रम और रोज़गार मंत्रालय के अनुसार संगठन ने दिसंबर 2024 में लगभग आठ करोड सैंतालिस लाख नए सदस्यों का नामांकन किया है।
- जामताड़ा जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना योजना की 19वीं किस्त मिलने के बाद किसान दिक्कतों से मुक्त होकर अच्छी आमदनी कमा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।
- खूंटी जिले में सामूहिक दुष्कर्म की घटना में शामिल सभी 18 किशोरों को निरुद्ध कर सुधार गृह भेज दिया गया है। एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने जानकारी दी कि पीड़ितों की स्वास्थ्य जांच करवाई गई है।

*******************

राज्य में अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। रांची में कल मौसम साफ रहेगा, लेकिन 27 फरवरी को उत्तर–पश्चिमी झारखंड में आंशिक बादल छाने का अनुमान है, जबकि बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा।

*******************

महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग में आज बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

*******************

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का सातवां मैच रद्द हो गया है। रावलपिंडी में लगातार बारिश की वजह से दोनों टीमों के बीच ग्रुप–बी के इस मुकाबले को रद्द करने का फैसला किया गया। दोनों टीमों को एक–एक अंक मिले। ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका पहले और ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है।

*******समाप्त********